




नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 31 जुलाई, 2026

# प्रतिबंधित पैराक्वाट की जांच शुरू

## देवरी में कीटनाशक दुकानों का निरीक्षण, अनियमितता मिलने पर थमाया गया नोटिस

नवभारत न्यूज

**सागर 30 जुलाई. कृषि विभाग देवरी ने खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों को उच्च गुणवत्ता की कीटनाशक दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा विकासखंड देवरी की कीटनाशक दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया.**



निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग की टीम ने दुकानों में दवाओं के भंडारण, स्टॉक रजिस्टर और बिक्री संबंधी दस्तावेजों की सघन जांच की. भारत सरकार द्वारा जुलाई 2026 से पैराक्वाट डाइक्लोराइड पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. निरीक्षण दल ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि कोई भी विक्रेता इस प्रतिबंधित रसायन की बिक्री या भंडारण न कर रहा हो. जांच के दौरान कुछ दुकानों पर अनियमितताएं पाई गई, जिस पर विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कीटनाशक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और निर्देशित किया कि 3 दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें. निर्धारित समय में उचित जवाब न मिलने पर दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. इसके साथ ही, किसानों को अमानक या नकली दवाओं और उर्वरकों से बचाने के लिए कीटनाशक और उर्वरकों के सैंपल (नमूने) भी लिए गए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जा रहा है। कृषि अधिकारियों ने विक्रेताओं को केवल मानक और स्वीकृत कीटनाशक ही बेचने के निर्देश दिए हैं, ताकि खरीफ फसलों में कीटनाशकों के प्रयोग से किसानों को बेहतर परिणाम मिल सकें और उनकी फसल सुरक्षित रहे. निरीक्षण दल में वरिष्ठ कृषि अधिकारी देवरी उमाशंकर प्रजापति, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केसली कमल खरते, कृषि विस्तार अधिकारी प्रभांशु दुबे सम्मिलित थे.

## आज पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी

**सागर.** राजघाट जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत शहर की समस्त पेयजल टंकियों की सफाई एवं इतवारी टंकी के वाल्व मरम्मत कार्य के कारण 31 जुलाई को शहर की जलापूर्ति पूर्णतः बंद रहेगी. जलप्रदाय शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन क्षेत्रों में 31 जुलाई को पेयजल आपूर्ति प्रस्तावित थी, उन क्षेत्रों में पेयजल टंकियों की सफाई एवं वाल्व मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत 1 अगस्त को जलापूर्ति की जाएगी. जवाहरगंज वार्ड के भीतर बाजार, गौरीशंकर मंदिर, शीतला माता मंदिर, परकोटा वन-वे, कान्हा ब्रेकर्स गली तथा दयानंद वार्ड के कीर्ति स्तंभ से लच्छू तिगड्डा, घंशु मुंशी मस्जिद से आलम मिठिया मार्ग एवं कटरा वार्ड स्थित वर्णी कॉलोनी तथा मीट मार्केट के पीछे के क्षेत्र में पुरानी पाइप लाइन को बंद कर नई पाइप लाइन से 3 अगस्त से नियमित जलप्रदाय प्रारंभ किया जाएगा.

# मकान से मिला अवैध शराब का भंडारण

नवभारत न्यूज

**गढ़ाकोटा 30 जुलाई. गढ़ाकोटा पुलिस ने अवैध शराब के एक बड़े ठिकाने का पर्दाफाश करते हुए 4.04 लाख से अधिक कीमत की 564.780 बल्क लीटर देशी-विदेशी शराब बरामद की है.**

जानकारी के अनुसार शुरुआती जांच में मामला केवल अवैध भंडारण तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि पुलिस को बड़े सप्लाई नेटवर्क और संगठित शराब कारोबार से जुड़े तार मिलने की संभावना भी नजर आ रही है.मुखबिर से सूचना मिली थी कि बजरंग वार्ड स्थित एक मकान में बड़ी मात्रा में अवैध शराब छिपाकर रखी गई है,वहीं से इसकी सप्लाई की जा रही है. सूचना मिलते ही एसडीओपी रहली प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में थाना गढ़ाकोटा पुलिस ने दबिश दी.



जानकारी के अनुसार पुलिस ने अब्दुल गनी पिता शुभराती खान के मकान की तलाशी ली तो एक बंद कमरे से विभिन्न ब्रांडों की देशी और विदेशी शराब का बड़ा जखीरा मिला. मौके से सागर गोल्ड व्हिस्की, मैक डबल नंबर-1, बॉम्बे व्हिस्की, आईबी व्हिस्की, मेजिक मोमेंट्स, रॉयल स्टैग व्हिस्की और लीमाउंट स्ट्रॉन्ग बीयर सहित कुल 564.780 बल्क लीटर शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 4,04,180 आंकी गई है. आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह खेप कहां से लाई गई, इसके पीछे कौन लोग हैं और जिले में इसका वितरण किन माध्यमों से किया जा रहा था. जांच का दायरा बढ़ाते हुए पुलिस संभावित सप्लायरों और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है. कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह तिवारी, उपनिरीक्षक प्रेमनारायण शुक्ला, प्रधान आरक्षक डाल सिंह, राजेश पाण्डेय, विमलेश भटेले, बसंत मिश्रा तथा आरक्षक रवि पटैल, राहुल राय, थिरवम, प्रवीण, राजदीप तिवारी एवं कौस्तुभ मणि पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## एक नजर में



### चातुर्मास कलश स्थापना समारोह

**गौरझामर.** आर्यिका वैराग्यमति माताजी का वर्षाकालीन चार्तुमास गौरझामर में होने जा रहा है जहां पर चार्तुमास कलश स्थापना समारोह आयोजित किया गया. आर्यिका माताजी ने कहा कि मांझी तुमको बना दिया, तुमसे है अरमान हमारे! भक्तों का हर दम मन जिनका ऐसे गुरु विद्या भगवान हमारे. पहला कलश ग्राम के मूलनायक अतिशयकारी भगवानश्री पार्श्वनाथ के नाम से कलश आचार्य विद्यासागर, चौथा कलश आचार्य समय सागर इसके बाद अतिरिक्त कलश स्थापित किए.



### गौशाला में पौधारोपण कर एंबूलेंस लोकार्पित

**बंडा.** आचार्य श्री विद्यासागर देवड़ा गौशाला में कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा घायल बीमार गौवंश को उठाने हेतु दयोदय महासंघ से प्राप्त गौवंश एंबुलेंस का लोकार्पण किया. साथ ही गौशाला परिसर में मुनगा का पौधा लगाया. उन्होंने दयोदय गौशाला में हॉस्पिटल वार्ड में बीमार गौवंश की व्यवस्थाये उपचार देखा. ज्ञात है कि दयोदय गौशाला में निरंतर एक्सीडेंटल गोवंश को रेस्क्यू करके का उपचार किया जा रहा है. निरीक्षण के दौरान एसडीएम आरती यादव, तहसीलदार मोहित जैन, जिला पशुचिकित्सक डीडी चढ़ार, सीएमओ आरसी अहिरवार, महेंद्र भूसा, नीलेश जैन, अशोक पापेट,विजय चौधरी, दिनेश जैन, अंकुर पापेट,अभिषेक जैन,संजय जैन उपस्थित रहे.



### हवन के साथ सिद्धचक्र विधान का समापन

**सागर.** अष्टांनिका पर्व पर आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गोदरे वाडा में आचार्य विभव सागर महाराज के ससंघ सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य अंकित अतिशय के निर्देशन में प्रमुख पात्र के रूप में आकाश कलशा गोदरे को सौधर्म इन्द्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. विश्व शांति की मंगल कामना के साथ हवन एवं गुरु पूर्णिमा पर आचार्य भगवंतों की पूजा, अर्चना, आरती समापन हुआ.



### नपा अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**ललितपुर.** जय महाकाली लाइन क्षेत्र में अनमोल बैग हाउस का शुभारंभ जिला जज अशोक सिंह एवं नपाध्यक्ष सोनाली जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. जिला जज श्री सिंह ने कहा कि उचित दामों पर उच्च गुणवत्ता एवं नई-नई वैरायटी के बैग उपलब्ध कराकर लोगों का विश्वास जीतेंगे. नपाध्यक्ष श्रीमती जैन ने कहा कि शहर में उच्च गुणवत्ता वाले बैगों का आधुनिक शोरूम खुलना एक सकारात्मक पहल है.समारोह में विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल, डा.अक्षय टड़ैया, सनत जैन, आकाश जैन, अजीत जैन, आनंद जैन, नरेंद्र जैन छोटे पहलवान, जिनेंद्र पंसारी, प्रभात सर्राफ, पत्रकार रवि जैन, अनूप मोदी, अमित लखेरा, नीरज सेन, ध्रुव सेन, नमन जैन, अमित जैन, मनीष मांशी, नीलम सुनोल उपस्थित रहे. इस दौरान मुख्य अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया. सुनील रसिया ने आभार जताया. संचालन राहुल जैन ने किया.

## शिक्षकों का प्रदर्शन

**सागर.** शासकीय कन्या महाविद्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन के तहत प्राध्यापक ने काली पट्टी बांधकर मांगों के प्रति सरकार का ध्यान करने का प्रयास किया. संभागीय अध्यक्ष डॉ रश्मि दुबे ने बताया कि सभी गतिविधियां प्रवेश, कक्षाएं, एवं परीक्षा के कार्य को सभी सहायक प्राध्यापकों एवं प्राध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर सरकार का ध्यान मांगों की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया. जिलाध्यक्ष अंजना चतुर्वेदी ने बताया कि सभी महाविद्यालयों के प्रांतीय प्राध्यापक संघ के सदस्य इस दौरान काली पट्टी बांध कर शासकीय कार्य कर रहे हैं.

# वर्तमान में वर्धमान का ही शासनकाल चल रहा

नवभारत न्यूज

**सागर 30 जुलाई.निर्यापक मुनिश्री अभय सागर महाराज ने श्रद्धालुओं से भगवान महावीर की जयंती को महावीर जयंती के बजाय वर्धमान जयंती के रूप में मनाने का आव्हान किया.**

उन्होंने कहा कि भगवान के अनेक नाम प्रचलित रहे हैं, लेकिन उनका प्रमाणिक एवं मूल नाम वर्धमान था. जैसे किसी व्यक्ति का आधार कार्ड या शैक्षणिक अभिलेखों में अंकित नाम ही प्रमाणिक माना जाता है, उसी प्रकार भगवान का मूल नाम भी वर्धमान ही है. वर्तमान में भी उनका ही शासनकाल चल रहा है.



वीर शासन जयंती पर आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री ने कहा कि आचार्य भगवंत उदाहरण देकर समझाया करते थे कि सावन में गांवों के वृक्षों पर लगाए जाने वाले झूले इस बात के प्रतीक थे कि धर्म के माध्यम से मनुष्य भी आध्यात्मिक ऊंचाइयों तक पहुंचकर संसार सागर से पार हो सकता है. उन्होंने कहा कि आज यह परंपरा औपचारिकता तक सीमित होकर घरों के छोटे-छोटे झूलों तक सिमट गई है. उन्होंने कहा कि क्षपक श्रेणी के माध्यम से कर्मों का क्षय होता है. बारहवें गुणस्थान के बाद तेरहवें गुणस्थान को प्राप्त होने पर जीव अरिहंत परमेष्ठी कहलाता है. संसार में जीव अनंत कर्मों का बंध करता है, जिनसे मुक्त होना अत्यंत कठिन है, मुकेश जैन ढाना ने बताया कि वीर शासन जयंती पर अनेक श्रद्धालुओं ने मुनि संघ को श्रीफल समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया. 9 अगस्त को चातुर्मास कलश स्थापना की तैयारियां चल रही है.



# वीर शासन जयंती मनाई गई

नवभारत न्यूज

**सागर 30 जुलाई. काकागंज स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में वीर शासन जयंती मनाई गई.**

इस अवसर पर भगवान आदिनाथ का जलाभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य-नियम पूजन संपन्न हुआ. भगवान महावीर स्वामी का विशेष पूजन किया गया. बड़े बाबा की मंगल आरती संपन्न हुई.

कार्यक्रम में डॉ. सुनील जैन, दयाचंद जैन, प्रमोद रामपुरा, आनंद जैन, राजेश जैन, महेन्द्र जैन, सतीश जैन, विमल मड़ावरा, सुभाष सूत सहित अनेक श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया.

# वी क्लब द्वारा सम्मान समारोह



नवभारत न्यूज

**सागर 30 जुलाई. वी क्लब सागर गोल्ड ने गुरु पूर्णिमा पर क्लब संस्थापिका डॉ. वंदना गुप्ता का पौधा देकर हुआ.**

इस दौरान अध्यक्ष नंदिनी चौधरी ने कहा कि गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं. कार्यक्रम में क्लब की पास्ट प्रेसिडेंट नम्रता शुक्ला, डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट विनीता केसरवानी, डिस्ट्रिक्ट सचिव कंचन केसरवानी, कोर्डिनेटर प्रीति केसरवानी, सचिव रुक्मणी केसरवानी, कोषाध्यक्ष चंपा नायक, प्रीति केसरवानी, ज्योति दीक्षित, ऊषा केसरवानी सहित क्लब की बहनें उपस्थित रहीं.

## तिसाला बड़ी पूजा रथ यात्रा निकलेगी आज

**सागर.** 186 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक एवं धार्मिक परंपरा सार्वजनिक तिसाला बड़ी पूजा रथ यात्रा का आयोजन 31 जुलाई शुक्रवार को दोपहर एक बजे शीतला माता मंदिर, भीतर बाजार से प्रारंभ होगा. आयोजन समिति के सदस्य विकास केसरवानी ने बताया कि रथ यात्रा शीतला माता मंदिर, भीतर बाजार से प्रारंभ होकर चूना की डांट, नमक मंडी, कटरा मस्जिद, राधा तिराहा , पुरानी सदर होते हुए सेमरा पहुंचेगी, जहां धार्मिक विधि-विधान के साथ रथ का विसर्जन किया जाएगा.

# मानव तस्करी, साइबर सुरक्षा पर जागरूक किया

नवभारत न्यूज

**सागर 30 जुलाई. महिला थाना द्वारा पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मसुरहाई में मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया.**

महिला थाना प्रभारी निरीक्षक संतोषी कनासिया ने कहा कि मानव तस्करी एक संगठित एवं गंभीर अपराध है, जिसमें अपराधी नौकरी, विवाह, उच्च शिक्षा, मॉडलिंग, विदेश में रोजगार तथा अन्य आकर्षक प्रलोभनों का लालच देकर महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों को जाल में फँसाने का प्रयास करते हैं.





युवा विकास मंडल की समन्वयक प्रमिला मौर्य ने कहा कि आत्मविश्वास, जागरूकता और सही समय पर सही निर्णय ही उन्हें किसी भी प्रकार के शोषण एवं मानव तस्करी से सुरक्षित रख सकते हैं. किशोर इकाई की ज्योति तिवारी ने छात्राओं को अपने अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं आवश्यकता पड़ने पर पुलिस से तत्काल संपर्क करने के लिए प्रेरित किया. सीडीसी सदस्य अनिल ने भी छात्राओं से समाज में जागरूकता फैलाने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आह्वान किया. छात्राओं एवं शिक्षकगण को मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूक रहने, स्वयं सुरक्षित रहने तथा अपने परिवार, विद्यालय और समाज में भी इस गंभीर अपराध के प्रति जनजागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया.

# सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग को सशक्त बनाया जाए

नवभारत न्यूज

**सागर 30 जुलाई. बीएमसी में कॉम्प्रिहेन्सिव प्राइमरी हेल्थ केयर कार्यक्रम अंतर्गत दमोह, पन्ना एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ.**

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. जागृति नगर, डॉ. प्रियंका तिवारी, डॉ. प्रियंका पटेल, डॉ. रुचि जायसवाल, डॉ. सिफ्ती बंगा, डॉ. रिंशु सुजोरिया , डॉ. रिया एवं डॉ. पूजा सिंह द्वारा प्रतिभागियों को व्हीआईए स्क्रीनिंग की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई. प्रशिक्षण में स्क्रीनिंग तकनीक, संक्रमण नियंत्रण, रिपोर्टिंग, केस चयन एवं हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल सत्र आयोजित किए गए. प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागियों का पोस्ट-टेस्ट एवं कौशल मूल्यांकन हुआ.



प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण डॉ. संदीप गौतम, नोडल ऑफिसर), एन.सी.डी. द्वारा किया गया. उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया. प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अपने-अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में महिलाओं की नियमित सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कर सकेंगे. अधिष्ठाता डॉ. पी. एस. ठाकुर ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक स्तर पर सर्वाइकल कैंसर की शीघ्र पहचान एवं रोकथाम को सशक्त बनाने के साथ-साथ महिला स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण योगदान देंगे.प्रशिक्षण का समापन सफलतापूर्वक हुआ.

## कुएं में गिरने से आदिवासी युवक मृत

**शाहगढ़.** नशे की हालत में कुएं में गिरने से कमलेश आदिवासी की मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार कमलेश आदिवासी पिता खिलान आदिवासी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत अमरमऊ के ग्राम खरगाटोरा अत्यधिक नशे की हालत में सार्वजनिक कुएं की पट्टी पर लेट गया. करवट लेते ही कुएं में गिर गया. ग्रामीणों के अथक प्रयास के बावजूद आधे घंटे से अधिक समय कुएं में डूबे रहने के चलते उसे बचाया नहीं जा सका. ग्रामीणों और शाहगढ़ पुलिस ने निकालने के बाद कमलेश को सीआर भी दी परंतु अचेत हालत में होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. शाहगढ़ थाना पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिये है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया.

# पेपर लीक कानून विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा की गारंटी : सिंह

नवभारत न्यूज

**सागर 30 जुलाई. पूर्व गृह मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने लोकसभा में पब्लिक एग्जामिनेशन विधेयक, 2026 के ध्वनिमत से पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करते हुए इसे देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य की सुरक्षा, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और पेपर लीक माफियाओं पर निर्णायक प्रहार की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है.**

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि युवाओं के हित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विधेयक पर भी विपक्ष ने सुझाव देने की जगह केवल विरोध की राजनीति की.

श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि



लोकसभा में इस विधेयक पर लगातार दो दिनों तक विस्तृत चर्चा हुई, लेकिन विपक्षी दलों के सांसदों के भाषण केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रहे। उन्होंने कहा कि जिन विषयों पर देश के युवाओं को ठोस समाधान की अपेक्षा थी, वहां विपक्ष ने केवल राजनीतिक वातावरण बनाने का प्रयास किया.

उनके अनुसार चर्चा के दौरान कई वक्तव्यों में छात्रों की भावनाओं को भड़काने और उन्हें आंदोलित करने का प्रयास अधिक दिखाई दिया, जबकि आवश्यकता परीक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सार्थक सुझाव देने की थी.

# ज्वेलर्स की दुकान में चोरी

नवभारत न्यूज

**बीना 30 जुलाई. महावीर चौक पर स्थित श्रीजी ज्वेलर्स की दुकान से एक कर्मचारी ने लाखों रूपए के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया है.**

पीड़ित ने थाने में कर्मचारी के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया है. ज्वेलर्स के संचालक मनोज सराफ ने बताया कि उनके दुकान पर विशाल रजक नाम का कर्मचारी करीब 5-6 साल से काम कर रहा था. दुकान पर काम करने वाला विशाल रजक निवासी माला सुनेटी थाना खिमलासा जो दुकान पर काम करने के लिए नहीं आया तो उसे कई बार कॉल किया तो उसने कॉल रिसीव नहीं किया तो मन में कुछ शंका हुई तो दुकान के सामान की जांच की तो पता चला कि दुकान में रखे एक बैग से सोने की 20.05 ग्राम की 20 कैरेट गोल्ड की चैन कीमत 3 लाख 60 हजार रुपए की गायब थी. साथ ही दो जोड़ी चांदी की बिछड़ी करीब 20 ग्राम कीमत 4 हजार की है. जब दुकान पर बैग नहीं मिला तो अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की तो पता चला कि बैग विशाल रजक ही रख रहा था, इसके बाद कई बार कॉल किया तो उसने कॉल नहीं उठाया.

## हेडमास्टर से मारपीट

**बंडा.** विनैका संकुल के ग्राम पाटन के शासकीय प्राथमिक शाला पाटन में स्कूल परिसर में गाली - गलौच कर रहे पाटन निवासी इंद्रजीत लोधी को जब प्रधान अध्यापक नोने सिंह मरकाम ने मना किया तो प्रधान अध्यापक पर ही इंद्रजीत लोधी द्वारा कालर पकड़कर, घसीटते हुए, लात-घूंसो से पिटाई कर दी गई, चाटे मारे गए, अभद्रता की गई. उक्त घटना के समय समस्त स्कूल स्टॉफ एवं स्कूली बच्चे थे. उक्त घटना की रिपोर्ट बिनैका थाने में की गई. बिनैका थाना प्रभारी भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है, आज दिनांक तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी, आरोपी फरार है, आरोपी की तलाश जारी है.

# खाड़ी देशों की एकजुटता से लंबा चल सकता युद्ध

नवभारत न्यूज

**सागर 30 जुलाई. समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए मूंग किसानों के आंदोलन को सफल बताते हुए कहा कि सरकार को इसके लिए किसानों को बधाई देनी चाहिए. उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते किसानों की मांगों पर ध्यान दिया होता तो भोपाल में बड़े प्रदर्शन की नौबत नहीं आती.**

श्री ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश में दो सप्ताह तक चले किसान आंदोलन में बड़ी संख्या में किसानों की भागीदारी रही. उन्होंने आंदोलन के दौरान पुलिस के संयम की भी सराहना करते हुए कहा कि 21 बैरिकेड टूटने के बावजूद पुलिस ने लाठीचार्ज नहीं किया, जो एक सकारात्मक उदाहरण है. उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अरब देशों की बदलती रणनीति से नई परिस्थितियां बन रही हैं. उनका कहना था कि यदि खाड़ी देशों की एकजुटता बढ़ती है तो संघर्ष लंबा चल सकता है और भारत को इसके संभावित प्रभावों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए. दिल्ली में हाल ही में हुए छात्र आंदोलन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह आंदोलन अभी समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि भविष्य में नए स्वरूप के साथ फिर उभर सकता है. उनके अनुसार छात्रों की मांगें और बढ़ेंगी तथा सरकार और छात्रों के बीच टकराव की संभावना भी बनी हुई है. श्री ठाकुर ने कहा कि राजधानी से लेकर जिला स्तर तक प्रशासन अपेक्षित प्रभावशीलता नहीं दिखा पा रहा है. छात्र आंदोलनों ने लोकतंत्र को नई दिशा दी है. जब जनता का सैलाब उठता है तो सरकारें भी निर्णय लेने के लिए मजबूर होती हैं और यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती है. रघु ठाकुर ने बताया कि 1 अगस्त को बाबूभाई स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा.